तापमान

अधिकतम 38.2 डिग्री से.
न्यूनतम 24.6 डिग्री से.

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार 30 जुलाई 2026



12 अदालतों में तीसरे दिन काम ठप 1500 मामलों पर ...



12 व्यास परंपरा संस्कृति की धरोहरः ज्ञानानंद ...




## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर का विरोध करने पर मारपीट

**यमुनानगर।** गांव हरनौल के पास ब्रेजा कार की टक्कर से बाइक सवार रामपाल घायल हो गया। विरोध करने पर कार सवार युवकों ने उसके साथ मारपीट की और फरार हो गए। जांच में हरनौल निवासी अभिषेक व उसके एक साथी का नाम सामने आया। थाना छप्पर पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

### जुआ खेलते पांच गिरफ्तार 1.02 लाख नकदी बरामद

**करनाल।** सीआईए-2 की टीम ने मेरठ रोड स्थित न्यू मन्नत ढाबा पर छापेमारी कर जुआ खेल रहे पांच लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1,02,100 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते बरामद किए। सभी के खिलाफ सदर थाना में हरियाणा प्रिवेंशन ऑफ पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### 8.40 लाख खाते में डलवाए, तीन पर केस

यमुनानगर। दो लोगों के बैंक खातों का इस्तेमाल कर साइबर ठगी के 8.40 लाख रुपये ट्रांसफर करवाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने खाता धारकों को विश्वास में लेकर चेक के माध्यम से रकम निकलवा ली। बैंक जांच में खाते संदिग्ध मिलने पर उन्हें बंद किया गया, जिसके बाद पीड़ितों को जानकारी मिली। पुलिस ने जांच के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। एक मामले में बूड़िया निवासी मनीष ने आरोप लगाया कि नरेंद्र ने उसके खाते में दो लाख रुपये डलवाकर चेक से निकलवा लिए।

### नहर में डूबे दोनों दोस्तों के शव बरामद

**यमुनानगर।** बूड़िया के पास पश्चिमी यमुना नहर में नहाते समय डूबे जगाधरी निवासी दोनों दोस्तों के शव बुधवार को बरामद हो गए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के बाद परिजनों को सौंप दिया। शनिवार को अमित और रोहित अपने एक साथी के साथ नहर में नहाने गए थे, जहां तेज बहाव में बह गए। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर अमित का शव चिट्टा मंदिर के पास और रोहित का शव करनाल के इंद्री क्षेत्र से बरामद किया।

### ई-20 पेट्रोल पर सवाल उठाने वाले गायक को धमकियां

**अंबाला।** पंजाबी गायक रेशम सिंह अनमोल ने आरोप लगाया है कि ई-20 पेट्रोल को लेकर वीडियो जारी करने के बाद उन्हें जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। दिल्ली जाते समय उनकी डेढ़ करोड़ की डिफेंडर गाड़ी का फ्यूल पंप खराब हो गया था। गायक ने सरकार से प्रीमियम पेट्रोल उपलब्ध कराने वाले पंपों की सूची जारी करने की मांग की है।

## बिजली कर्मचारियों ने खोला सरकार के खिलाफ मोर्चा

मांगों को लेकर तीन दिन की हड़ताल का किया ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

- विरोध मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

हरियाणा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले बुधवार को बिजली कर्मचारियों ने राजीव गांधी विद्युत सदन से जिला सचिवालय तक विरोध मार्च निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने एग्री डिस्कॉम बनाने की प्रस्तावित योजना, गुरुग्राम और नूंह में निजी बिजली वितरण लाइसेंस तथा स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को रद्द करने की मांग उठाई।



करनाल। शहर में विरोध मार्च निकालते बिजली कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

बैठक की अध्यक्षता युवराज राठौर, महावीर सिंह और विशाल बनवाला ने संयुक्त रूप से की, जबकि संचालन गुरमीत सैनी और विशाल बनवाला ने किया। मुख्य वक्ताओं राजेंद्र राणा और देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सरकार कर्मचारियों की मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। कई दौर की वार्ता और ज्ञापन देने के बावजूद कोई समाधान नहीं निकला। संयुक्त संघर्ष मोर्चा ने घोषणा की कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो 11, 12 और 13 अगस्त को पूरे प्रदेश में तीन दिवसीय पूर्ण हड़ताल की जाएगी। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि एग्री डिस्कॉम गठन की अधिसूचना जारी हुई तो इसे अनिश्चितकालीन हड़ताल का अग्रिम नोटिस माना जाएगा।

प्रदर्शन में सुभाष पन्नू, गौरव शर्मा, वीरेंद्र सिंह, दीपक गर्ग, रवि काजल, राकेश संधू, विकास कुमार, रमेश घरौंडा, मलकीत सिंह, सीताराम, राजकुमार चौधरी, रविंद्र मान, सुरेंद्र रेड्डू, संजील, नरेंद्र पहल, राजीव राठी, सुरेंद्र कंबोज, जोगिंदर सिंह, कैलाश, सुशील गुर्जर, सेवाराम, एनपी सिंह चौहान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### मिड-डे मील वर्कर्स ने सौंपा मांगपत्र



**करनाल।** मिड डे मील वर्कर यूनियन की ब्लॉक घरौंडा कमेटी ने चार अगस्त को मुख्यमंत्री के गृह जिले में प्रस्तावित राज्य स्तरीय रैली और महापड़ाव के समर्थन में खंड शिक्षा अधिकारी वीना को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी के नाम मांगपत्र सौंपा। राज्य उपप्रधान ओपी माटा, शिमला देवी, ब्लॉक उपप्रधान ममता, नन्ही देवी, निर्मला और सुखविंद्र ने कहा कि 11 जून को शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने वार्ता के लिए बुलाया था, लेकिन स्वयं बैठक में नहीं पहुंचे। मानी गई मांगें भी लागू नहीं की गईं, जिसके विरोध में चार अगस्त को मुख्यमंत्री आवास के बाहर रैली और महापड़ाव होगा।

कुरुक्षेत्र में 29 मई 2021 को केस दर्ज किया था

## 5.1 किलो अफीम मामले में दोषी को 10 साल की सजा व जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र



जुर्माना नहीं भरने पर 6 माह अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा

कुरुक्षेत्र की अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रैक विशेष न्यायालय, एनडीपीएस एक्ट) ने नशीला पदार्थ रखने के मामले में आरोपी मोहम्मद इरशाद निवासी बोडा मोरे, जिला चतरा (झारखंड) को दोषी करार देते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास और 1 लाख जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में उसे छह माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा।जिला न्यायवादी ने बताया कि 29 मई 2021 को एसटीएफ अंबाला के उप निरीक्षक दिनेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम लाडवा-शाहबाद राष्ट्रीय राजमार्ग पर गश्त कर रही थी। त्योड़ा के पास नाकाबंदी कर ट्रक संख्या ओडी-16इ-7172 को रोका गया। ट्रक में सवार मोहम्मद इरशाद और मोहम्मद अशफाक निवासी जिला चतरा (झारखंड) को काबू किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 5 किलो 100 ग्राम अफीम बरामद की। इसके बाद थाना शाहबाद में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया और जांच पूरी होने पर अदालत में चालान पेश किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध किए। अदालत ने मोहम्मद इरशाद को एनडीपीएस एक्ट की धारा 18-बी के तहत दोषी ठहराते हुए 10 वर्ष के कठोर कारावास, 1 लाख जुर्माने तथा जुर्माना अदा न करने पर छह माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा सुनाई।

## 9.15 ग्राम हेरोइन के साथ युवक गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव बरौली माजरा स्थित बोली नदी पुल के पास से एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 9.15 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 30 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एएसआई नवतेज सिंह ने बताया कि वह शाम को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान टीम को सूचना मिली थी कि गांव बरौली माजरा में बोली नदी पुल के पास एक व्यक्ति नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में घूम रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 9.15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी की पहचान गांव कोट बसावा सिंह निवासी सुखदेव सिंह के रूप में हुई। आरोपी से बरामद हेरोइन की कीमत बाजार में करीब 30 हजार रुपये है।

## हरियाणा में तेजी से मजबूत हो रहा भाजपा का संगठनः डॉ. अर्चना

- पानीपत में हुई बैठक में सात जिलों के मंडल अध्यक्ष और प्रभारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पानीपत



पानीपत। भाजपा के कार्यालय में प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता का स्वागत करते हुए जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट व अन्य पदाधिकारी। फोटोः हरिभूमि

भाजपा के जिला कार्यालय श्याम कमल के सभागार में बुधवार को प्रदेश स्तरीय संगठनात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने की। बैठक में कुरुक्षेत्र, करनाल, पानीपत, रोहतक, गोहाना, जींद और सोनीपत जिलों के मंडल अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों ने भाग लिया। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाने, प्रदेश के सभी शक्ति केंद्रों को सक्रिय एवं प्रभावी बनाने तथा आईटी तंत्र को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक रणनीति तैयार की गई। वहीं, पानीपत पहुंचने पर जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला प्रभारी अशोक गुर्जर, आरडी कल्याण, रोशन लाल महला ने सभी प्रदेश पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का आत्मीय स्वागत किया। संचालन जवाहर सैनी ने किया। बैठक में प्रदेश आईटी प्रमुख आदित्य चावला ने आधुनिक समय में डिजिटल प्लेटफॉर्म की महत्ता पर मार्गदर्शन किया।

### मिठाई की दुकान पर छापा, घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध उपयोग का खुलासा



**नीलोखेड़ी।** नीलोखेड़ी के कारसा रोड स्थित भारती स्वीट हाउस पर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीम ने छापेमारी कर तीन घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। फूड सप्लाई ऑफिसर कुलदीप सिंह के नेतृत्व में हुई कार्रवाई के दौरान दुकान में घरेलू सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग पाया गया। विभाग को कई दिनों से शिकायतें मिल रही थीं। अधिकारियों ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडरों के अवैध इस्तेमाल के खिलाफ अभियान जारी रहेगा और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

## दुष्कर्म पीड़िता 11 वर्षीय लड़की ने बच्ची को दिया जन्म

- आरोपी पहले से न्यायिक हिरासत में, मई में गर्भवती होने का चला था पता

**यमुनानगर।** यमुनानगर में 11 साल की रेप विक्टिम ने बेटी को जन्म दिया है। पीड़िता अभी खुद भी पांचवीं क्लास में पढ़ाई करती है। डॉक्टरों का कहना है कि लड़की की मेडिकल कंडीशन का ध्यान रखा जा रहा है। जच्चा और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की टीम ने अस्पताल पहुंचकर लड़की की मेडीकल कंडीशन की जानकारी ली। वहीं, परिजनों ने नवजात बच्ची को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी टीम को सौंपने पर सहमति जताई है। डॉक्टरों का कहना है कि स्कूल में पढ़ाई के दौरान नाबालिग के पेट में दर्द होने के बाद मामला सामने आया था। उस समय नाबालिग सात माह की प्रेग्नेंट थी। छछरौली पुलिस मामले में आरोपी को जेल में भेज चुकी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

### मैनेजर ने वर्कर की पत्नी के साथ किया रेप, पांच महीने की गर्भवती मिली

**कुरुक्षेत्र।** पिहोवा में मैरिज पैलेस के मैनेजर पर वर्कर की पत्नी के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला ने आरोप लगाया कि आरोपी उसके पति को काम के बहाने बाहर भेजकर उसके साथ जबरदस्ती करता था और धमकी देता था। महिला ने बताया कि वह दिव्यांग है और डर के कारण किसी को जानकारी नहीं दी। पेट दर्द होने पर जांच में उसके करीब पांच माह की गर्भवती होने का पता चला। इसके बाद उसने परिवार को पूरी बात बताई। थाना सदर पिहोवा पुलिस ने आरोपी मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।







20 से 24 अगस्त तक दावा-आपत्ति दर्ज कराने का मिलेगा अवसर

## ऑनलाइन शिक्षक तबादला अभियान-2026 का शेड्यूल जारी, 11 अगस्त से शुरू होगा डेटा सत्यापन

- 8 और 9 सितंबर को जारी होगी अंतिम स्कोर व कार्यकाल सूची 10 अगस्त रहेगी पात्रता तिथि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला



प्रदेश सरकार के स्कूल शिक्षा विभाग ने आगामी ऑनलाइन शिक्षक तबादला अभियान 2026 के लिए डेटा सत्यापन एवं प्रमाणीकरण का संशोधित अस्थायी कार्यक्रम जारी कर दिया है। संशोधित शेड्यूल जारी होने से प्रदेश के हजारों सरकारी शिक्षकों को समयबद्ध और पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया का लाभ मिलेगा। विभाग ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए है कि वे अपने अधीन कार्यरत शिक्षकों से निर्धारित समयावधि में एमआईएस पोर्टल पर व्यक्तिगत एवं सेवा संबंधी विवरणों को अपडेट और सत्यापित करवाना सुनिश्चित करे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 11 से 17 अगस्त तक शिक्षक अपने व्यक्तिगत एवं सेवा रिकॉर्ड को अपडेट और सत्यापित करेंगे। इसके बाद 18 व 19 अगस्त को सभी शिक्षकों के स्कोर और कार्यकाल का प्रकाशन किया जाएगा। यदि किसी शिक्षक को अपने अंक या विवरण पर आपत्ति होगी तो वह 20 से 24 अगस्त तक दावा अथवा आपत्ति दर्ज करा सकेगा। इन आपत्तियों पर जिला स्तरीय समिति 25 से 31 अगस्त तक निर्णय लेगी तथा 1 सितंबर को जिला समिति के निर्णय प्रकाशित किए जाएंगे। इसके बाद राज्य स्तरीय समिति के समक्ष 2 से 4 सितंबर तक अपील की जा सकेगी, जिनका निस्तारण 5 से 7 सितंबर तक किया जाएगा।

आखिर में 8 और 9 सितंबर को अंतिम स्कोर एवं कार्यकाल सूची जारी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि इस तबादला प्रक्रिया के लिए 10 अगस्त को पात्रता माना जाएगा। साथ ही कपल केस के अंकों के लिए आवश्यक अंडरटेकिंग का प्रारूप भी जारी किया गया है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए है कि सभी सरकारी विद्यालयों के शिक्षक निर्धारित समय में अपना रिकॉर्ड सही करें ताकि स्थानांतरण प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके।

## प्रशासन की एक चूक के कारण 30 साल से बदहाली की मार झेल रहे कॉलोनीवासी

# जल्द चमकेगी 64 अनअप्रूव्ड कॉलोनियों की किस्मत, मिलेंगी बुनियादी सुविधाएं

**1996 में विभिन्न कॉलोनियों का कराया गया था सर्वे, शाब्दिक त्रुटि के कारण कॉलोनी अप्रूव्ड की जगह बिल्डिंग अप्रूव्ड दर्ज हो गया**

**1996 की अधिसूचना के तहत ऐसी 76 कॉलोनियां थीं, इनमें से 12 की जा चुकी हैं नियमित, 64 कालोनियां अभी तक अवैध**

**सीमा निर्धारण करने के लिए इन कॉलोनियों का किया जाएगा सर्वे : प्रसाद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। निगम कार्यालय में आयोजित अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते निगमायुक्त महाबीर प्रसाद।

नगर निगम यमुनानगर कार्यालय में निगम अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता निगमायुक्त महाबीर प्रसाद ने की। बैठक में कॉलोनियों की सीमाएं निर्धारित करने के लिए उनका सर्वे करने तथा 1996 से पहले बने मकानों व भवनों से संबंधित दस्तावेज जुटाने का निर्णय लिया गया।

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि वर्ष 1996 में शहर की विभिन्न कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सर्वे कराकर रिपोर्ट शहरी स्थानीय निकाय विभाग को भेजी गई थी। हालांकि विभाग द्वारा अधिसूचना जारी करते समय पोर्टल पर तकनीकी व शाब्दिक त्रुटि के चलते कॉलोनी अप्रूव्ड लिखने के बजाय बिल्डिंग अप्रूव्ड दर्ज कर दिया गया। इस एक चूक के कारण ये कॉलोनियां कागजों में अनअप्रूव्ड रह गईं।

1996 की अधिसूचना के तहत ऐसी कुल 76 कॉलोनियां थीं। जिनमें से 54 जगाधरी और 22 यमुनानगर क्षेत्र की थीं। इनमें से 12 कॉलोनियां पहले ही नियमित की जा चुकी हैं। जबकि शेष 64 कॉलोनियों को मंजूरी मिलने के बावजूद आगे की प्रक्रिया के लिए सरकार से अंतिम नोटिफिकेशन मिलना बाकी है।

कॉलोनियों के नियमितीकरण के लिए सीमाएं निर्धारित करने हेतु हाल ही में सदन की बैठक में नगर निगम आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेष कमेटी गठित की गई थी। आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि सीमा निर्धारण के तहत कॉलोनियों के चारों कोनों और बाहरी सीमाओं की पैमाइश व लेआउट पर तेजी से कार्य किया जाएगा। अंतिम प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजा जाएगा।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, डीटीपी राजेश कुमार, प्लानिंग एक्सपर्ट आशीष सांगवान, सहायक अभियंता एवं एटीपी मृणाल जैयसवाल, सहायक अभियंता एवं एटीपी मुनेश्वर भारद्वाज, अमित सिंह, जेडटीओ अजय वालिया, रघुबीर सिंह, जितेंद्र मल्होत्रा, मनप्रीत सिंह व सागर आदि मौजूद रहें।

### सरकार को भेजा जाएगा प्रस्ताव

निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने बताया कि हमारी टीमें कॉलोनियों की बाहरी सीमाओं पर 1996 से पहले बने भवनों के प्रमाण जांचने के लिए सर्वे कर रही हैं। नागरिक 1996 से पहले का बिजली का बिल, पानी का बिल, बिल्डिंग का स्वीकृत सेक्शन प्लान या अन्य कोई वैध दस्तावेज टीम को दिखाकर सहयोग करें। ताकि सीमा निर्धारण का कार्य जल्द से जल्द पूरा कर सरकार को प्रस्ताव भेजा जा सके।


यमुनानगर। स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में आयोजित प्रदर्शनी का निरीक्षण करते अतिथि। फोटो : हरिभूमि

## विद्यार्थियों को सतत विकास के प्रति जागरूक करना जरूरीः सेठी

- स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

स्वराज पब्लिक स्कूल दामला में रीजेंच विषय पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, हरित ऊर्जा, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन, स्मार्ट जीवनशैली, भविष्य की तकनीक तथा पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर माडल बनाकर प्रदर्शनी में प्रस्तुत किए।

स्कूल की प्रधानाचार्या ज्योति नागपाल सेठी ने कहा कि प्रदर्शनी आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान, तकनीक, पर्यावरण संरक्षण तथा सतत विकास के प्रति जागरूक करना रहा। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने कुछ किताबों से हटके और नए विज्ञान के चमत्कारों को अपने माडलों में आर्कषक रुप से प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने वर्ली कला, मधुबनी कला, मंडाला कला, पिचवई कला पर बनाए गए माडल्स को खूब सराहा। वहीं, कार्यक्रम में नवोन्मेष विचारों व्यवसाय में उभरते रुझानों और शैक्षिक अवधारणाओं को प्रदर्शित किया गया। जिससे अन्वेषण और सीखने को बढ़ावा मिला। विज्ञान के साथ साथ इस प्रदर्शनी में आर्ट कॉर्नर, कौशल बोध, बडिंग ऑथर्स कॉर्नर भी आकर्षण का केंद्र रहे। जहाँ विद्यार्थियों द्वारा स्वयं लिखी गई पुस्तकों को प्रदर्शित किया गया।

## संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास महाराज की जयंती मनेगीः बेदी

- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। भाजपा जिला कार्यालय में संत गुरु रविदास की जयंती मनाए जाने के बारे में जानकारी देते हप्रदेश सामाजिक न्याय मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि प्रदेश में संत शिरोमणि गुरु श्री रविदास जी महाराज की 650वीं जयंती के मनाई जाएगी। इस अवसर पर प्रदेश भर में मनाई जाने वाली जयंती के लिए संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी महाराज के जन्मस्थान वाराणसी (काशी) से पवित्र माटी लाकर हर गांव और शहर में स्थित मंदिरों में स्थापित की जाएगी। ताकि समरसता और भाईचारे का संदेश जन जन तक पहुंचे। उन्होंने उक्त जानकारी बुधवार को भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में दी।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने बताया कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज ने समाज को भेदभाव से मुक्त किया और समानता व सामाजिक समरसता का मार्ग दिखाया था। उनके 650वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में वाराणसी स्थित उनके पवित्र जन्मस्थान से पवित्र मिट्टी लाई जाएगी। इस पवित्र माटी को सामाजिक समरसता कलश यात्रा के माध्यम से हरियाणा के कोने कोने में ले जाया जाएगा। प्रदेश के गांवों और शहरों के विभिन्न मंदिरों में इस माटी को ससम्मान स्थापित किया जाएगा। जिससे संपूर्ण हरियाणा श्री संत गुरु जी के आशीर्वाद से सिंचित होगा।

## विश्वास में लेकर अकाउंट में डलवाए 6.40 लाख रुपये, पुलिस कर रही जांच

**यमुनानगर।** गांव मनभर वाला निवासी बजिंदर सिंह ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गांव रायपुर कुड़ी निवासी हरप्रीत व हरदीप सिंह के साथ जान पहचान थी। 18 नवंबर 2025 को आरोपियों ने उसे विश्वास में लेकर उसके पंजाब नेशनल बैंक खाते में 6.40 लाख रुपये की राशि डलवाई। इसके बाद आरोपियों ने उसे उक्त राशि का चेक लेकर उसके अकाउंट से पैसे निकलवा लिए। इसके बाद बैंक द्वारा संदिग्ध लेनदेन के संबंध में उसका अकाउंट बंद कर दिया गया। जब वह बैंक में पूछताछ के लिए गया तो उसे पता चला कि उसके अकाउंट में साइबर ठगी के पैसे डाले गए है। इस संबंध में पुलिस द्वारा उससे पूछताछ भी की गई। बाद में उसने दोनों आरोपियों के खिलाफ साइबर क्राइम थाना पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई। पुलिस ने मामले की जांच के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ 318(4) बीएनएस के तहत केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## आरव सिंघल को हेड ब्वॉय और रेशम को बनाया हेड गर्ल

- दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में हुआ छात्र परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में छात्र परिषद के गठन के दौरान नवनियुक्त पदाधिकारी छात्र नेता खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

दिल्ली पब्लिक स्कूल जगाधरी( यमुनानगर) बुधवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शैक्षणिक सत्र 2026-2027 के लिए छात्र परिषद का विधिवत गठन किया गया। समारोह का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक हितेश गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प वर्षा व दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इसके बाद विद्यालय के स्कूल बैंड की मधुर धुनों पर विद्यार्थियों ने मार्च पास्ट निकाला।

विद्यालय की प्रधानाचार्या पूर्णिमा वाधवा ने बताया कि छात्र परिषद के गठन में सीनियर वर्ग में आरव सिंघल को हेड ब्वॉय व रेशम को हेड गर्ल बनाया गया। जबकि सांस्कृतिक सचिव प्रभरीत कौर, खेल सचिव मानवी शर्मा व शैल पुनैनी, अकेडेमिक सचिव परिधि वर्मा व मेहर अरोड़ा, ब्याय में अनुशासन सचिव आर्यन गर्ग, व गर्ल में अनुशासन सचिव अयाना कौर को बनाया गया। वहीं, ब्याय में एनसीसी कैप्टन ब्वॉय साशरिक गोयल, गर्ल में एनसीसी कैप्टन अदिति अजाद को चुना गया। इसके अलावा सीनियर चिनाब हाउस कैप्टन राधिका राय व पर्लजीत कौर सचदेवा, सीनियर गंगा हाउस कैप्टन वंशिका व जयति, सीनियर झेलम हाउस कैप्टन रिया सेन गुप्ता व अशमीत, सीनियर यमुना हाउस कैप्टन ब्वॉय चिन्मय जिंदल व सीनियर यमुना हाउस कैप्टन गर्ल नंदिनी चौहान को चुना गया। वहीं, जुनियर वर्ग में हैड ब्वॉय विराज मिश्रल और जूनियर हैड गर्ल कायना नागपाल को चुना गया।



## गुरु पूर्णिमा पर भंडारे में उमड़े श्रद्धालु

**रादौर।** छोटाबांस स्थित श्री रामविचार वटिका में बुधवार को गुरू पूर्णिमा धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं के लिए श्री अद्वैत हरिहर ट्रस्ट के नेतृत्व में आचार्य राजकुमार शास्त्री व अन्य सदस्यों ने विशाल भंडारे का आयोजन करवाया जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने स्वर्गीय स्वामी आत्मारामानंद जी महाराज की प्रतिमा को नमन किया। श्री रामविचार वाटिका के गद्दीनशीन स्वामी उदयात्मानंद जी महाराज ने कहा कि यह पर्व भारतीय संस्कृति की महान गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है। इस दिन शिष्य अपने गुरुओं का पूजन करते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं और अपने जीवन को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। आध्यात्मिक मार्ग पर चलने वाले साधकों के लिए गुरु पूर्णिमा का दिन नए वर्ष की तरह होता है। इस दिन साधना, ध्यान, जप और सत्संग करने से विशेष आध्यात्मिक ऊर्जा और विवेक की प्राप्ति होती है। योग परंपरा के अनुसार इसी दिन शिव (आदियोगी) ने अपने पहले सात शिष्यों सप्तर्षियों को ज्ञान देना शुरू किया था।

## सोलो डांस में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की टीम प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर


यमुनानगर। राजकीय विद्यालय रादौर में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव में प्रतिभा दिखाने के लिए अपनी बारी का इंतजार करते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर में खंड स्तरीय सांस्कृतिक उत्सव-2026 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

मुख्यातिथि एवं जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अशोक राणा ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम शिक्षा के साथ साथ विद्यार्थियों को हमारी समृद्ध हरियाणवी संस्कृति एवं परंपराओं से परिचित करवाते हैं। इन कार्यक्रमों से विद्यार्थियों का मानसिक एवं बौद्धिक विकास होता है। उन्हें अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। ऐसे कार्यक्रमों में भाग लेने से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति एवं परंपराओं का ज्ञान प्राप्त होता है तथा उनमें आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। कक्षा पांचवी से आठवीं तक की प्रतियोगिताओं में रागनी में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, राजकीय उच्च विद्यालय बूबका ने द्वितीय व राजकीय माध्यमिक विद्यालय एमटी करहेड़ा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सोलो डांस में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर प्रथम, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जठलाना द्वितीय, राजकीय माध्यमिक विद्यालय एमटी करहेड़ा तृतीय व पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। ग्रुप डांस में राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रादौर प्रथम, राजकीय उच्च विद्यालय मंधार द्वितीय, पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चमरोड़ी तृतीय व राजकीय माध्यमिक विद्यालय एमटी करहेड़ा ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



## शिष्य को सही दिशा दिखाता है गुरु

**रादौर।** रादौर के पक्के घाट पर स्थित श्रीनागेश्वर धाम मंदिर में चल रही श्रीराम कथा का गुरू पूर्णिमा के अवसर पर बुधवार को समपान हो गया। इस दौरान गुरू पूर्णिमा पर कथावाचक धनंजय शास्त्री ने अपने गुरू की पूजा अर्चना कर उनके लिए मंगल कामना की। धनंजय शास्त्री ने बताया कि गुरु केवल ज्ञान देने वाला नहीं बल्कि जीवन को सही दिशा दिखाने वाला सच्चा मार्गदर्शक होता है। उन्होंने कहा कि गुरु के बताए मार्ग पर चलकर ही मनुष्य अपने जीवन को सफल, संस्कारित और उद्देश्यपूर्ण बना सकता है। वर्तमान समय में सेवा, सद्भाव, सत्य, संयम और मानवता जैसे मूल्यों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि गुरु का सम्मान ही ज्ञान और जीवन की वास्तविक उन्नति का आधार है। भगवान हनुमान जी ने भी सूर्य देव को गुरू के रूप में धारण कर उनके सभी प्रकार का ज्ञान अर्जित किया। जिसके बाद वह अतुलित बल के धाम बन गए। भगवान श्री राम व श्रीकृष्ण ने भी गुरू के आदेशानुसार कर्म करते हुए अस्त्र.शास्त्रों का ज्ञान प्राप्त किया था। अब गुरू शिष्य परंपरा कम ही देखने को मिलती है। लेकिन गुरू सम्मान के बिना कुछ भी नहीं है।

### जिला उपायुक्त ने पर्यावरण संरक्षण के लिए किया आह्वान

# संसाधनों के अत्यधिक दोहन से बढ़ रहीं चुनौतियां

**आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराना देश के हर नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


उपायुक्त प्रीति।

मानव और पर्यावरण का संबंध अत्यंत घनिष्ठ और अटूट है। मनुष्य का जीवन जल, वायु, भूमि, वनस्पति और प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर करता है। यदि पर्यावरण संतुलित रहेगा तो मानव जीवन भी स्वस्थ, सुरक्षित और समृद्ध रहेगा। इसलिए प्रत्येक नागरिक का दायित्व है कि वह पर्यावरण संरक्षण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। उक्त जानकारी उपायुक्त प्रीति ने अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए दी।

उपायुक्त प्रीति ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई और प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन के कारण पर्यावरणीय चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। इन चुनौतियों का सामना करने के लिए समाज के सभी वर्गों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक पौधारोपण, जल संरक्षण तथा स्वच्छता को अपनाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। उपायुक्त प्रीति ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखें, जल एवं ऊर्जा की बचत करें तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर उनकी देखभाल करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है। बल्कि इसमें जनभागीदारी सबसे महत्वपूर्ण है।

### अधिक से अधिक पौधरोपण समय की मांग : प्रीति

जिले की उपायुक्त प्रीति ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए पौधों का अधिक से अधिक मात्रा में रोपित करना समय की मांग है। क्योंकि पर्यावरण स्वच्छता जरूरी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब पौधे लगाने का बहुत अच्छा समय है और पेड़ पौधे लगाने के साथ साथ हमें उनकी देखभाल भी करनी होगी ताकि वे आगे बढ़ सकें। उपायुक्त प्रीति ने कहा कि हरियाणा सरकार वन विभाग प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने बताया कि वन चेतना के माध्यम से आम लोगों में पौधा रोपण व उसके संरक्षण के बारे जागरूकता अभियान सफलतापूर्वक क्रियान्वित किए जा रहे हैं। आम लोगों विशेषकर युवाए महिलाओं व स्कूली बच्चों में प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत को जानने के लिए प्राकृतिक शिक्षा एवं जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सभी मिलकर वनों के संरक्षण व संवर्धन में भागीदार बने तथा प्रदेश को हरा भरा बनाने एवं प्रदूषण मुक्त रखने हेतु यथासंभव सहयोग दें।

## निष्काम भक्ति करने से भगवान की कृपा होती है प्राप्त : शुक्ल


- श्रीकृष्ण कथा में पांचवें दिन कथाव्यास ने बताया निष्काम भक्ति का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



श्री राधा कृष्ण मंदिर यमुनागली रादौर में चल रही श्रीकृष्ण कथा में पांचवे दिन कथाव्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने मानव जीवन में निष्काम भक्ति के महत्व को बताया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु की लीलाओं का गुणगान किया गया। जिन्हें सुनकर साध संगत भाव विभोर हो गई।

कथाव्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने फरमाया कि मानव जीवन में प्रभु की निष्काम भक्ति करने का बड़ा महत्व है। उन्होंने कहा कि भगवान केवल सच्ची भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं। भगवान धन, बल, विद्या या ऊंचे कुल से प्रसन्न नहीं होते हैं। वह तो अपने भक्त के भावों से ही प्रसन्न हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि निष्काम भक्ति से भगवान की कृपा प्राप्त होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि ध्रुव की आयु, गजेन्द्र की विद्या, सुदामा का धन, कुब्जा का रूप, विदुर का वंश तथा उग्रसेन का बल विशेष नहीं था। लेकिन फिर भी भगवान ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। कथाव्यास आचार्य पंडित भगवती प्रसाद शुक्ल ने कहा कि ईश्वर के प्रति एकनिष्ठ भक्ति रखने वाला व्यक्ति श्रेष्ठ होता है। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी की पूजा भगवान विष्णु के साथ करने का विशेष महत्व है तथा भक्तों को धन के प्रति आसक्ति नहीं होनी चाहिए।



गुरु पूर्णिमा

## शिक्षण संस्थानों में श्रद्धा व उत्साह से मनाया महोत्सव, विद्यार्थियों ने गुरुजनों से लिया आशीर्वाद

# जिलेभर में गूंजी गुरु-शिष्य परंपरा की महिमा विद्यालयों से आश्रमों तक दिखी आस्था

1. विद्यार्थियों ने गुरुजनों के बताए आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प
2. शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों, संस्कारों और शिक्षा के महत्व का संदेश दिया
3. धार्मिक संस्थाओं ने गुरु परंपरा के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिलेभर के शैक्षणिक संस्थानों में बुधवार को गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति और गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा के अनुरूप श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालयों और महाविद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व, नैतिक मूल्यों और जीवन में शिक्षा की भूमिका से अवगत कराया। विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, प्रेरक भाषणों तथा गुरु वंदना के माध्यम से गुरु-शिष्य परंपरा की महत्ता को रेखांकित किया गया। कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। वशिष्ठ कालोनी स्थित श्रीलालद्वारा मंदिर में बुधवार को गुरू पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परशुराम सेना के प्रधान इंद्रजीत शर्मा,विमल शर्मा परिवार मुख्यातिथि रहे। इस अवसर पर प्रधान केवल कृष्ण पाठक,उप प्रधान अशोक भारद्वाज,सचिव वेद आनंद,ऑडिटर एस के कपिला,कैशियर कुलदीप भास्कर,जगदीश भास्कर, ओम प्रकाश लालका,राकेश शर्मा, गुलशन बाम्बा,सतीश गुलाटी, शिवकुमार शर्मा, आर.के.गुलाटी,श्याम जुनेजा,कृष्ण लाल अरोड़ा, राकेश सूरी, वीरेंद्र गुलाटी, सतीश जुनेजा, रमेश जोशी, कैलाश चन्द कपूर, वीरेन्द्र हरजाई और नवीन छिब्बर सहित बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु शामिल रहीं।



### गुरु पूर्णिमा सनातन परंपरा, श्रद्धा और संस्कृति के संगम का पर्व : डॉ. श्रीप्रकाश



कुरुक्षेत्र। गुरु पूर्णिमा भारतीय संस्कृति का एक अत्यंत पवित्र और प्रेरणादायक पर्व है। यह केवल किसी व्यक्ति का सम्मान करने का दिन नहीं, उस ज्ञान, प्रकाश और चेतना का उत्सव है जो गुरु के माध्यम से हमारे जीवन में आती है। यह विचार गुरु पूर्णिमा के पावन उपलक्ष्य में मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने मातृभूमि शिक्षा मंदिर द्वारा आयोजित ज्ञान संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गुरु वंदना से हुआ। गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित वैदिक यज्ञ में मातृभूमि शिक्षा मंदिर के विद्यार्थियों ने वैदिक मंत्रों का सस्वर उच्चारण कर यज्ञ में लोकमंगल के निमित्त आहुति प्रदान की। ज्ञान संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा गुरुपूर्णिमा समाज में ज्ञान के प्रसार, नैतिक मूल्यों और गुरु-शिष्य परंपरा का सम्मान करने का एक महत्वपूर्ण पर्व है।

## गुरु वह दीपक है, जो शिष्य के जीवन में ज्ञान का प्रकाश फैलाता है

### नंगली वाली कुटिया में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया



कुरुक्षेत्र। राजेन्द्र नगर स्थित श्रीअद्वैत स्वरुप अनन्त आश्रम नंगली वाली कुटिया में सत्संग मंदिर में गुरु पूर्णिमा वार्षिक भंडारा महोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ धूमधाम से मनाया गया। सुबह से लेकर दोपहर तक बहार से आए श्रद्धालुओं ने श्रीमहाराज एवं बाबाजी महाराज को तिलक लगाकर कर चरणों की पूजा अर्चना की। इस मौके पर आश्रम के संत निर्विकार पुरी, संत संतोष पुरी, संत सहज पुरी, संत सनातन पुरी, संत आत्म विभोर पुरी पिहोवा, संत त्रिलोक पुरी झांसा, संत वीणा पुरी, आश्रम के प्रवक्ता महात्मा दिव्यानंद, महात्मा सुखधमार्नंद, महात्मा हरदेवानंद, महात्मा केशवानंद जालंधर, महात्मा गोपालानंद, महात्मा रामानंद, महात्मा अवधेशानंद आदि संतों ने संगत का मार्ग दर्शन किया। इस मौके पर वेद प्रकाश फौजी, रजत कालड़ा, पंडित अंकित शर्मा, गुलशन बाजाज, राजकुमार ग्रोवर, विक्की सिडाना, पूर्व पार्षद दीपक सिडाना, सी ए विंडो पर्सन गगन कोहली आदि भक्तजन मौजूद रहे।

### मार्गदर्शकों का सदैव सम्मान करने व आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान



थानेसर। श्रीजयराम संस्थाओं के अंतर्गत संचालित डी.एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया कुरुक्षेत्र, 29 जुलाई : देशभर में संचालित श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्री जयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी की प्रेरणा से डी.एस.बी. इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, सम्मान एवं उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय में विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ। विद्यालय के प्रिंसिपल एन. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुरु केवल शिक्षा ही नहीं देते, बल्कि जीवन को सही दिशा, उत्तम संस्कार और श्रेष्ठ चरित्र भी प्रदान करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने गुरुजनों, माता-पिता तथा सभी मार्गदर्शकों का सदैव सम्मान करने और उनके आदर्शों का अनुसरण करने का आह्वान किया। विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।



### सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल में श्रद्धा से मनाया महोत्सव

कुरुक्षेत्र। सेंट पीटर कॉन्वेंट स्कूल, कुरुक्षेत्र में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। यह पावन अवसर विद्यार्थियों द्वारा अपने गुरुजनों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता एवं आभार व्यक्त करने के लिए समर्पित रहा, जो उनके जीवन को सही दिशा देने और उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ विशेष प्रातःकालीन सभा से हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने प्रार्थना प्रस्तुत की तथा गुरु पूर्णिमा के महत्व पर प्रेरणादायक विचार साझा किए।

### गुरु दिखाएं सही राह, जीवन में बने खुशियों की चाह



*कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में गुरु पूर्णिमा का पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात आचार्या सोनिया ने सभी को गुरु पूर्णिमा की हार्दिक बधाई दी और गुरु के अर्थ को विस्तार से बताते हुए कहा कि गुरु दो शब्दों गु+ रु से मिलकर बना है, जिसमें गु का अर्थ है अंधेरा और रु का अर्थ है हरने वाला अर्थात अंधकार हरने वाला। उन्होंने बताया कि गुरुओं के प्रति श्रद्धा, सम्मान व्यक्त करने के लिए गुरु पूर्णिमा बनाई जाती है। उन्होंने बताया कि आज के दिन ही महर्षि व्यास जी का जन्म हुआ था, जिस कारण से इस दिन को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है।*

### 72 घंटें के अखंड कीर्तन के साथ मना गुरु पूर्णिमा महोत्सव



*कुरुक्षेत्र। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से श्री ब्रह्मा मंदिर कुरुक्षेत्र कुरड़ी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। संघ के संस्थापक स्वामी शक्ति देव जी महाराज , मां संतोष ओंकार जी महाराज और स्वामी संदीप ओंकार जी महाराज के सान्निध्य में हुए आयोजन में श्रद्धालुओं ने गुरु पूजन किया.। वहीं गुरुदेव जी ने समस्त संगत को अपना आशीर्वाद दिया। जय ओंकार आश्रम के संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए आश्रम में गुरु-कीर्तन एवं श्री जय गुरुदेव जय ओंकार का जाप 72 घंटें लगातार किया गया , गुरु पूर्णिमा पर आश्रम साधकों ने पूरी विधि के साथ 72 घंटे लगातार गुरु-कीर्तन किया। महोत्सव की इस पावन बेला पर सामूहिक कन्याओं का पूजन और विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।*

### गीता निकेतन विद्या मंदिर में गुरु पूर्णिमा की महिला पर डाला प्रकाश



*कुरुक्षेत्र। गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर-3 विद्यालय में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः वंदना सत्र में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन भगत सिंह सदन द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के मन में गुरु के प्रति सम्मान कृतज्ञता अनुशासन की भावना जागृत करना रहा। इस अवसर पर विद्यालय आचार्या श्री मती सविता ने गुरु पूर्णिमा के महत्व एवं उद्देश्य से छात्रों को अवगत कराया। विद्यालय के छात्रों ने अपनी प्रस्तुतियों गीत, कविता व भाषण के माध्यम से गुरु की महिमा पर प्रकाश डाला। कक्षा अष्टम की छात्राओं द्वारा गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य सोमनाथ ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर बताया कि इस संसार में प्रत्येक मनुष्य का गुरु अवश्य होता है,संसार में एक गुरु ही होता है, जो अपने शिष्य को आगे बढ़ते हुए देखकर खुश होता है।*

### जयराम पब्लिक स्कूल में मनाया श्रद्धा के मनाया पर्व



*कुरुक्षेत्र। श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का पर्व धूमधाम से मनाया गया । इस अवसर पर स्कूल प्रिंसिपल अंजू अग्रवाल, अध्यापिकाओं और विद्यार्थियों ने संत शिरोमणि देवेंद्र स्वरूप ब्रह्मचारी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करके उनके द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए कार्य को याद किया। तत्पश्चात कक्षा दसवीं की छात्रा वंशिका ने गुरु पूर्णिमा के महत्व के बारे में बताया कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है क्योंकि उन्होंने ही वेद और पुराणों की रचना की। संसार में जो कुछ भी बोला जाता है वह व्यास जी कि झूठन है यानी सब कुछ उनके द्वारा ही बताया हुआ है। तत्पश्चात संगीत अध्यापक घनश्याम और विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना पर आधारित सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। स्कूल प्राचार्या ने बच्चों को बताते हुए कहां की गुरु परंपरा में जय राम संस्था के संस्थापक ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मा ब्रह्मचारी शिक्षा के माध्यम से देश की भावीपीढ़ी के भविष्य का निर्माण कर रहे हैं।*

### गीता विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर शिक्षकों का हुआ सम्मान



*कुरुक्षेत्र। एस.एम.बी. गीता सीनियर सेकेंडरी स्कूल, कुरुक्षेत्र में गुरु पूर्णिमा का पर्व भारतीय संस्कृति एवं गुरु-शिष्य परंपरा की गरिमा के अनुरूप श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रातःकाल विद्यालय में सभी शिक्षकों का मौली बाँधकर, तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर पारंपरिक भारतीय रीति से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक उल्लास से सराबोर रहा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आचार्य राजीव ने विद्यार्थियों को गुरु के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अनेक प्रेरक प्रसंग सुनाए। विद्यालय परिवार ने गुरु पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर भारतीय संस्कृति के मूल्यों को आत्मसात करने तथा गुरुजनों के बताए मार्ग पर चलने का संदेश दिया। प्राचार्य अनिल मदान ने शिक्षकों व छात्रों को गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएँ दी।*

पीडब्ल्यूडी विभाग मंत्री ने ढांड रोड पर बनाए जा रहे सभा के शिक्षण संस्थान का किया शिलान्यास

## महापुरुषों के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़े युवा पीढ़ी : गंगवा



कुरुक्षेत्र। सभा के शिक्षण संस्थान का शिलान्यास करते कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पीडब्ल्यूडी विभाग मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि महापुरुषों की जयंती मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य उनके विचारों को आत्मसात कर दिखाए गए रास्ते पर चलकर आगे बढ़ना है। युवा पीढ़ी को उनके विचारों से प्रेरणा मिलती है। महापुरुषों की जयंती के कार्यक्रमों से नई पीढ़ी को भी उनके जीवन के बारे में पता चलता है। वह संस्कृति-संस्कारों के साथ-साथ उनके विचारों से जुड़ती है। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा बुधवार को गुरु दक्ष प्रजापति धर्मशाला कुरुक्षेत्र में प्रजापति समाज की तरफ से आयोजित गुरु दक्ष प्रजापति जयंती पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने ढांड रोड पर प्रजापति सभा द्वारा बनाए जाने वाले शिक्षण संस्थान का शिलान्यास किया। कुरुक्षेत्र प्रजापति धर्मशाला में महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती समारोह धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस मौके पर चेयरमैन गुरनाम सैनी, राजेश करड़वाल, दीपक कुमार उमरी, शीशन प्रजापति, धर्मवीर सलोनियां, मीडिया प्रभारी कृष्ण प्रजापति, रोहताश प्रजापति, जिले सिंह क्योडक, रामलाल अरनैचा, डा. संत लाल वर्मा, रामेश्वर फरीदाबाद, भजन लाल, राजेश जडौला आदि मौजूद रहे।

## प्रदेश के प्रत्येक गांव में पहुंचेगी श्रीगुरु रविदासजी के जन्मस्थान की पावन मिट्टी : सुभाष कलसाना

शाहबाद। संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती को हरियाणा में भव्य रूप व आस्था के साथ मनाने के लिए भाजपा की बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। इस कड़ी में भाजपा कार्यकर्ताओ की विशाल बैठक का आयोजन हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन एवं गुरु रविदास जयंती के लिए जिला संयोजक नियुक्त किये गये सुभाष कलसाना की ओर से देवी मंदिर धर्मशाला में किया गया। बैठक में विशेष तौर से जिला परिषद की चेयर पर्सन कंवलजीत कौर और 48 कोस के चेयरमैन रविंदर सांगवान और बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सेह संयोजक ऋषिपाल मथाना ने भी शिरकत की और कार्यकर्ताओ से श्री गुरु रविदास जयंती और एसएआर के दूसरे चरण को लेकर बातचीत की। चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कहा श्री गुरु रविदास जी के जन्मस्थान की पावन मिट्टी को हरियाणा के



गांव-गांव में पहुंचेगा जायेगा। उन्होंने ने कहा की समरसता संकल्प अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी हरियाणा का सामाजिक समरसता प्रतिनिधिमंडल वाराणसी पहुंच चुका है जो श्री गुरु रविदास जी की जन्म स्थान की पावन मिट्टी का कलश लेकर 30 जुलाई की शाम गुरुग्राम पहुंचेगा और जहां इस कलश का भव्य स्वागत किया जाएगा।

### शैलेश वत्स बने जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र के संगठन सचिव

कुरुक्षेत्र। जन कल्याण मंच कुरुक्षेत्र (रजि.) हरियाणा ने सामाजिक सेवा एवं जनहित कार्यों को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शैलेश वत्स को संगठन



सचिव नियुक्त किया है। मंच के अध्यक्ष दलबीर सिंह मलिक व महासचिव बलदेव सिंह सैनी ने विश्वास व्यक्त किया कि शैलेश वत्स के अनुभव, नेतृत्व क्षमता एवं समाज सेवा के प्रति समर्पण से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी तथा जनहित के कार्यों को गति प्राप्त होगी। शैलेश वत्स ने संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन द्वारा सौंपे गए दायित्व का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

### योग को जन-जन तक निशुल्क पहुंचाने वाले युगद्रष्टा थे श्रद्धेय प्रकाश लाल : ग्रोवर

कुरुक्षेत्र। भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय संगठन मंत्री एवं प्रांतीय प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने कहा कि संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय प्रकाश लाल का जीवन राष्ट्रभक्ति,



निःस्वार्थ सेवा, सादगी और अनुशासन का अनुपम उदाहरण था। वे सेक्टर-13 स्थित पार्क में हाल ही में शुरू हुए निःशुल्क महिला योग साधना केंद्र में साधिकाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 1 मार्च 1920 को सरगोधा (अब पाकिस्तान) में जन्मे प्रकाश लाल ने 1947 के विभाजन के दौरान लगभग 70 हजार भारतीयों को सुरक्षित भारत लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, लेकिन कभी किसी सम्मान या पुरस्कार की इच्छा नहीं की। वर्ष 1967 में योग को निःशुल्क जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प के साथ 10 अप्रैल को भारतीय योग संस्थान की स्थापना हुई। आज देश-विदेश में संस्थान के 4,500 से अधिक निःशुल्क योग साधना केंद्र संचालित हैं।

कार्यक्रम | श्रीशिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा 34वें कांवड़ सेवा शिविर का भट्ठी पूजन से हुआ शुभारंभ

# दुःखभंजन महादेव मंदिर में शुरू हुआ कांवड़ शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीशिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन माह के उपलक्ष्य में 34वां कांवड़ सेवा शिविर आयोजित किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आज दुःखभंजन महादेव मंदिर में भट्ठी पूजन के शिविर का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संरक्षक दर्शन पुरी, चेयरमैन डॉ. एम.के. मोदगिल, प्रधान एम.एल. खूंगर, उपप्रधान अश्वनी अरोड़ा बिट्टू, महासचिव संदीप मरवाहा, कोषाध्यक्ष वेद ग्रोवर, सदस्य एस.के. मिश्री, एम.एल, सचदेवा, शशि कपूर, राजकुमार, प्रीतम सुधा, कुलवंत सिंह भट्ठी आदि मौजूद रहे।



कुरुक्षेत्र। शिवलिंग पर जल अर्पित करते श्रीशिव शक्ति सेवा मंडल के पदाधिकारी।

### कांवड़ियों के की ठहरने, खाने पीने, स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था

सभी ने कांवड़ शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष 29 जुलाई से 11 अगस्त तक दुःखभंजन महादेव मंदिर में आयोजित किया जा रहा है। इस शिविर में कांवड़ियों के ठहरने, खाने पीने, स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 12 अगस्त को पूर्ण भंडारे के भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 1992 में शिव शक्ति सेवा मंडल द्वारा कांवड़ सेवा शिविर की शुरूआत की गई थी। तब से ये सेवा कार्य लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि सावन माह में प्रतिदिन लगभग 300 कांवड़िए शिविर में शामिल होते हैं। पूरे सावन माह में लगभग 3000 से अधिक कांवड़िये इस शिविर में शामिल होते हैं। उन्होंने सभी शिव भक्त कांवड़ियों से आह्वान किया कि सभी नशों से दूर रहे। शिव नाम का जाप करते हुए अपनी कांवड़ यात्रा को पूर्ण करें। मंदिर के चैयरमेन एम.के. मोदगिल ने बताया कि यह सेवा शिविर वीरवार से शुरू होकर 12 अगस्त तक चलेगा। हालांकि, 11 अगस्त को महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रद्धालु भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे। मोदगिल ने बताया कि शिविर में कांवड़ियों के लिए तीनों समय निशुल्क भोजन, ठहरने, विश्राम, पेयजल, चिकित्सा सहायता, पैरों में मेहंदी लगाने तथा अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं तथा पुलिस प्रशासन का भी पूरा सहयोग मिल रहा है। उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस विभाग, नगर परिषद और स्वास्थ्य विभाग का सहयोग देने के लिए आभार व्यक्त किया। साथ ही श्रद्धालुओं से अपील की कि वे नशामुक्त होकर कांवड़ यात्रा करें, प्रसाद ग्रहण करें और भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर समाज को सकारात्मक संदेश दें।

## खबर संक्षेप

### साहा में अवैध कॉलोनी पर चली जेसीबी

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा अर्बन एरिया साहा के गांव साहा में अवैध रूप से विकसित की जा रही 2 अवैध कॉलोनियों में तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान मौका पर अवैध कालोनी में बनी कच्ची सड़कों के जाल तथा 4 निर्माणों को मौका पर पूर्ण रूप से ध्वस्त कर दिया गया। मौका पर जिला नगर योजनाकार श्रीमति गुंजन वर्मा, कनिष्ठ अभियंता अभिषेक, क्षेत्रान्वेषक रविंद्र, एसएचओ हरियाणा राज्य प्रर्वत्न ब्यूरो भारी पुलिस बल के साथ मौके पर उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान आमजन को अवगत करवाया कि ऐसी अवैध कॉलोनियों में प्लाट न खरीदें।

### बाल पुरस्कार के लिए 31 तक करें आवेदन

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरुस्कार 2026 के लिए नामांकन एवं आवेदन अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 तक आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र नामांकनकर्ता आवेदक प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन मोड में कर सकते हैं। यह पुरस्कार बहादुरी, खेलकूद, सामाजिक सेवा, विज्ञान, और प्रोधोगिकी, पर्यावरण, कला एवं संस्कृति और नवाचार के क्षेत्रो में केवल पिछले 2 वर्षो के मध्य प्राप्त राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियों व असाधारण उपलब्धियों के लिए 5 से 18 वर्ष तक की आयु के बच्चों कों दिए जाते हैं।

### कृषि यंत्रों पर मिलेगा 50 प्रतिशत अनुदान

अंबाला। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि सरकार द्वारा जिला के किसानों को आहवान किया है कि वे फसल अवशेषो के वैज्ञानिक एवं पर्यावरण अनुकूल प्रबंधन को बढावा देने के लिए प्रदेश सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा संचालित फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2026-2027 का अधिकतम लाभ उठाएं। उप निदेशक कृषि ने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत फसल अवशेष प्रबंधन योजना 2026-2027 के तहत व्यक्तिगत श्रेणी के किसानों को विभिन्न कृषि यंत्रों की खरीद पर अधिकतम 50 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है। योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 3 अगस्त 2026 की गई है।

### संवैधानिक अधिकारों पर बच्चों को दी जानकारी

**अंबाला।** माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गीतांजली गोयल के कुशल मार्गदर्शन में राजकीय विद्यालय गांव टूंडला में एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम एवं पौधारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन पैरा लीगल वालंटियर बलराम सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान लगभग 170 स्कूली विद्यार्थियों को उनके संवैधानिक अधिकारों एवं कर्तव्यों, शिक्षा के अधिकार, बाल संरक्षण कानूनों, बाल विवाह निषेध अधिनियम तथा विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के अंतर्गत उपलब्ध निशुल्क विधिक सहायता की जानकारी दी गई।

### लीगल एंड डिफेंस काउंसलिंग सिस्टम का विरोध कर रहे वकील

# अदालतों में तीसरे दिन काम ठप 1500 मामलों पर सुनवाई लटकी

**सतपाल सिंह बोले, वकील मुफ्त कानूनी सहायता के खिलाफ नहीं, चुनिंदा सरकारी वकीलों की कर रही नियुक्ति**



अंबाला। भूख हड़ताल पर बैठे वकील। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

लीगल एंड डिफेंस काउंसलिंग सिस्टम के विरोध में वकीलों ने बुधवार को भी हड़ताल की। ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर शुरू हुई वकीलों की क्रमिक भूख हड़ताल तीसरे दिन को भी जारी रही। पिछले तीन दिनों से लगातार चल रही हड़ताल के कारण तमाम अदालतों में कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। वकीलों ने नई व्यवस्था के खिलाफ गहरा रोष जताते हुए न्यायिक कार्य नहीं किया। बता दें कि अंबाला में 26 अदालतें हैं। इनमें 1500 के पास मामले लंबित हैं। डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन के प्रधान सतपाल सिंह ने कहा कि वकील मुफ्त कानूनी सहायता के खिलाफ नहीं हैं लेकिन जिस तरीके से चुनिंदा सरकारी वकीलों की नियुक्ति की जा रही है, वह पूरी तरह गलत है। उन्होंने तर्क दिया कि यदि शिकायतकर्ता, पुलिस और बचाव पक्ष तीनों स्तरों पर सरकार की ही भूमिका होगी तो पीड़ित को निष्पक्ष न्याय कैसे मिलेगा। इससे युवा और आम वकीलों की रोजी-रोटी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। भूख हड़ताल पर बैठे अधिवक्ताओं ने ने आरोप लगाया कि इस प्रणाली में भारी अनियमितताएं हैं। आरोपियों और उनके परिजनों को गुमराह किया जा रहा है। इससे पूरी लीगल बिरादरी की साख पर बट्टा लग रहा है। वकीलों का साफ कहना है कि जब तक इस व्यवस्था में सुधार नहीं किया जाता या इसे वापस नहीं लिया जाता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। वकीलों की हड़ताल का व्यापक असर दिख रहा है। जमानत के मामले भी लगातार लटक रहे हैं। जेलों में बंद आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई नहीं हो रही है। इसी वजह से आरोपियों की रिहाई लंबी होती जा रही है। तसिंबली की सलोचना ने बताया कि उन्हें अपने रिश्तेदार को जमानत करवानी है। मगर तीन दिनों से हड़ताल के कारण काम नहीं हो रहा है। इसके लिए चक्कर काटने पड़ रहे हैं। इसी प्रकार लेबर कोर्ट में भी वकीलों के न जाने से मामले बढ़ते जा रहे हैं। श्रमिकों का कहना हे कि वह दूर से आते हैं और उन्हें वापस लौटना पड़ रहा है।

## 9वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का आरोपी फरार, पुलिस कर रही रेड

**अंबाला।** 9 वीं कक्षा की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास करने वाले आरोपी को अभी तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। आरोपी की काबू करने के पुलिस निरंतर रेड करने की बात कह रही है। मेडिकल जांच में यह पहले ही साफ हो गया है कि किशोरी के साथ दुष्कर्म नहीं हुआ है। आरोपी ने दुष्कर्म का प्रयास किया था लेकिन छात्रा ने शोर मचा दिया। बलदेव नगर चौकी प्रभारी वरियाम सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रही है। बता दें कि मंगलवार सुबह बलदेव नगर थाना एरिया में 9 वीं कक्षा की एक छात्रा से युवक ने दुष्कर्म का प्रयास किया था। स्कूल जाते समय इस वारदात को अंजाम दिया गया। छात्रा ने शोर मचा दिया। तब सड़क से गुजर रहे एक बाइक सवार दंपत्ति ने शोर सुन लिया। दंपत्ति को देखकर आरोपी युवक फरार हो गया। इसके बाद दंपत्ति ने बच्ची को पुलिस के हवाले कर दिया। बाद में पुलिस ने छात्रा को मौके पर ले जाकर घटनास्थल का मुआयना किया। मौके से जांच टीम को छात्रा का जूते व बैग मिला था। इसके तुरंत बाद पुलिस ने छात्रा की मेडिकल जांच करवाई गई। चिकित्सकों ने शुरूआती जांच में ही छात्रा से दुष्कर्म न होने की पुष्टि कर दी। इसके बाद बलदेव नगर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। वारदात के दौरान उसने शोर मचा दिया। राहगीरों ने बच्ची का शोर सुन लिया था। इसके बाद आरोपी फरार हो गया।

# रोटरी क्लब ने शुरू की निशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा, 10 मरीजों के हुए ऑपरेशन

- हर महीने क्लब की ओर से करवाए जाएंगे ऑप्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। मरीजों के साथ रोटरी क्लब के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

रोटरी क्लब ने सात्विक सोशल फाउंडेशन एवं कपिल आई अस्पताल के सहयोग से अपनी महत्वाकांक्षी वर्ष भर चलने वाली निशुल्क मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा परियोजना का शुभारंभ किया है। अंबाला छावनी के रामबाग रोड स्थित महावीर दल आई अस्पताल में योजना की शुरूआत हुई है। इस सेवा परियोजना के अंतर्गत प्रत्येक माह आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद मरीजों की निशुल्क मोतियाबिंद सर्जरी कर उनकी दृष्टि लौटाने का प्रयास किया जाएगा।परियोजना के शुभारंभ अवसर पर सात्विक सोशल फाउंडेशन के प्रमोद गर्ग एवं उनके सपुत्र निलेश गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्लब की ओर से उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक स्वागत एवं सम्मान किया गया। प्रथम चरण में 10 जरूरतमंद मरीजों के निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सफलतापूर्वक संपन्न किए गए। इस अवसर पर मरीजों को बेहतर दृष्टि के साथ एक नया जीवन जीने की आशा मिली। क्लब ने संकल्प लिया कि यह सेवा परियोजना पूरे रोटरी वर्ष के दौरान प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएगी, ताकि अधिक से अधिक जरूरतमंद मरीज इस सेवा का लाभ उठा सकें। क्लब अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. विवेक मल्होत्रा ने कहा कि किसी व्यक्ति की दृष्टि लौटाना सबसे महान मानवीय सेवाओं में से एक है। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्गों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। मौके पर रोटेरियन डॉ. अशोक नांदरा, डॉ. नागपाल, पीपी विजय गुप्ता, डॉ. अनुपमा मल्होत्रा, पीपी इंदरदेव, पीपी संजीव गोयल, पीपी एडी गांधी, डीडीजी नरेश भारद्वाज, रोटेरियन संदीप चोपड़ा, रोटेरियन पीपी पीसी जैन, रोटेरियन पीपी केके जैन, रोटेरियन सुरेंद्र गोयल, रोटेरियन सुनील अग्रवाल, रोटेरियन संदीप गुप्ता तथा रोटेरियन पीपी पंकज गुप्ता आदि रहे।

# वार्ड नंबर 5 से पार्षद जीवन कुमार ने थामा चित्रा सरवारा की पार्टी का दामन

- विकास की जगह घोषणाओं की राजनीति कर रही सकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। नप सदस्य जीवन व उनके साथियों का अभिनंदन करती चित्रा सरवारा।

अंबाला छावनी की राजनीति में बुधवार को एक बेहद महत्वपूर्ण घटनाक्रम हुआ। वार्ड नंबर-5 से निर्वाचित आज़ाद सदस्य जीवन कुमार अपने समर्थकों के साथ युवा नेत्री चित्रा सरवारा के दल में शामिल हो गए। मौके पर जीवन के साथ साथ सरदार जसविंदर सिंह, अरुण गर्ग, सुशील राणा, सुशील यूनिफॉर्म, प्रसाद यादव, पंडित श्याम लाल, हरमिंदर सिंह, करनैल सिंह, मनोज कुमार झांब, संजय सिसोदिया, विजय सिसोदिया, विक्की सिसोदिया, प्रवीन लांबा, दीपक राणा, राहुल, नीरज, चीनू बब्याल सहित अनेकों साथियों ने भी टीम चित्रा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर नगर परिषद सदस्य संदीप दीपी, राहुल सोनकर वीरू,बीएलए-1 विशेष ,अजय, कुशलपाल राणा,आशीष शर्मा ने जीवन कुमार एवं उनके साथियों का स्वागत किया। चित्रा सरवारा ने कहा कि यह किसी एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि व्यवस्था परिवर्तन के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का प्रतीक है। जीवन कुमार ने कहा कि उन्होंने यह निर्णय किसी व्यक्तिगत कारण से नहीं बल्कि अपने क्षेत्र और शहर की जनता की पीड़ा तथा लंबे मंथन के बाद लिया है।

# व्यास परंपरा संस्कृति की धरोहर: ज्ञानानंद

- गीता धाम मंदिर में मनाया व्यास पूर्णिमा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



अंबाला। कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

श्री कृष्ण कृपा गीता धाम मंदिर सेक्टर-8 में व्यास पूर्णिमा एवं व्यास पूजा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने श्रद्धालुओं को गुरु पूर्णिमा और व्यास पूर्णिमा का आध्यात्मिक महत्व बताते हुए कहा कि व्यास पीठ पर बैठने वाला प्रत्येक व्यक्ति मर्यादा, विनम्रता और गुरु परंपरा के सम्मान का सदैव ध्यान रखे। उन्होंने कहा कि गुरु केवल शरीर नहीं, बल्कि वह दिव्य तत्व है जो मनुष्य को सत्य से जोड़कर परमात्मा तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त करता है। ज्ञानानंद ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति परंपराओं की संस्कृति है। अवतार परंपरा, ऋषि परंपरा और गुरु परंपरा हमारी अमूल्य आध्यात्मिक विरासत हैं तथा गुरु पूर्णिमा का पर्व इन्हीं महान परंपराओं का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इस पर्व का सीधा संबंध महर्षि वेदव्यास से है, जिन्होंने चारों वेदों का संकलन एवं विभाजन किया, अठारह पुराणों की रचना की तथा मानवता को शास्त्रों का अमूल्य ज्ञान प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज हमारे पास जो वेद, उपनिषद, पुराण और अन्य धर्मग्रंथ उपलब्ध हैं, उनका श्रेय महर्षि वेदव्यास को ही जाता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि जीवन में नाम जप, सत्संग और सद्कर्म को अपनाएं। यही गुरु तत्व की वास्तविक शिक्षा है, जो मनुष्य को परमात्मा की ओर अग्रसर करती है। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान विनोद बंसल, अशोक चावला, हैप्पी चावला, भाजपा मनदीप, जगदीश सचदेवा एवं श्रीकृष्ण कृपा सेवा समिति के सदस्यों ने आरती की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्यास पूजा में भाग लेकर स्वामी ज्ञानानंद महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया तथा अपने पूज्य गुरु की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ हुआ, जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## टाइगर डे पर नन्हें छात्रों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

**अंबाला।** शहर के पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के नर्सरी विंग में इंटरनेशनल टाइगर डे मनाया गया। टाइगर डे हर साल 29 जुलाई को मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य विश्व में टाइगर की प्रजाति को विलुप्त होने से बचाने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए बच्चों के लिए ग्रीन कलर के दुपट्टों का प्रयोग करके टनल बनाई गई और इसे एक जंगल का थीम दिया गया ,जिसे देखकर बच्चे बहुत उत्साहित हुए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को टाइगर के विषय में बताना था। बच्चों को यह बताया गया कि टाइगर देश का नेशनल एनिमल है। टाइगर को विशेष तौर पर तेज रफ्तार, शिकार करने की क्षमता और फुर्ती के लिए जाना जाता है। इस अवसर पर बच्चों ने सेव टाइगर से संबंधित कविताएं सुनाई और छोटे-छोटे बच्चों ने सेव एनिमल्स थीम पर बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया ,जिसे सभी ने सराहा । बच्चों को अलग-अलग एनिमल्स की साउंड सुनाई गई और बच्चों ने आवाज को पहचान कर उन एनिमल्स के नाम बताएं । इसके द्वारा बच्चों की लिसनिंग स्किल्स को विकसित करने का प्रयास किया गया ।






## लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में छात्रों ने पौधरोपण कर दिया स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश

**बराड़ा।** केंद्र सरकार के एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत अधोया स्थित लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन में बुधवार को पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को स्वस्थ एवं पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना तथा औषधीय एवं देशी पौधों के महत्व से अवगत कराना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के चेयरमैन राजकुमार सांगवान ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति संरक्षण का संदेश देते हुए कहा कि स्वच्छ पर्यावरण ही स्वस्थ समाज और समृद्ध राष्ट्र की नींव है। उन्होंने कहा कि भारतीय परंपरा में प्राकृतिक औषधियों का विशेष महत्व रहा है। विशिष्ट अतिथि दिलप्रीत सिंह ने कहा कि केवल पौधा लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी नियमित देखभाल और संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। उन्होंने आह्वान किया कि यदि हर व्यक्ति अपनी माँ के सम्मान में एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी निभाए, तो देश को हरित एवं स्वच्छ बनाया जा सकता है।

## गीता कुंज आश्रम में विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ आज

**कुरुक्षेत्र।** ज्योतिसर स्थित श्री गीता कुंज आश्रम बद्रीनारायण मंदिर में चातुर्मास के अवसर पर 30 जुलाई रविवार को 10 विष्णु महायज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। जानकारी देते हुए कुरुक्षेत्र कंज्यूमर कोर्ट की अध्यक्ष डॉ नीलिमा शांगला ने बताया कि सुबह 6 बजे गणपति पूजन होगा, 9 बजे सुबह कलश यात्रा निकाली जाएगी, 10 बजे ध्वजारोहण होगा। उन्होंने बताया कि स्वामी मुक्तानंद जी महाराज 4 महीने मौन व्रत रहते हैं। उन्होंने बताया कि विष्णु महायज्ञ का समापन 31 अक्तूबर दिन शनिवार को होगा। इस आश्रम में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में आमजन महायज्ञ में आहूति डाले।

## शब्दों से निखर रही अंग्रेज़ी, वर्ड फॉर्मेशन गतिविधि से छात्रों का बढ़ा आत्मविश्वास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला।

राजकीय उच्च विद्यालय मंडौर में विद्यार्थियों की अंग्रेज़ी भाषा दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से एक रोचक वर्ड फॉर्मेशन एक्टिविटी का आयोजन किया गया। इस गतिविधि का संचालन विद्यालय की इंग्लिश अध्यापिका सुमन कौर ने किया। गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों ने दिए गए अक्षरों और मूल शब्दों से नए नए शब्द बनाकर अपनी भाषा क्षमता, शब्द भंडार तथा रचनात्मक सोच का परिचय दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न समूहों में मिलकर अधिक से अधिक सही शब्द बनाने का प्रयास किया। इस अभ्यास से विद्यार्थियों की स्पेलिंग, शब्दावली और अंग्रेज़ी भाषा के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि देखने को मिली। अंग्रेजी अध्यापिका सुमन कौर ने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां बच्चों को केवल पुस्तक आधारित ज्ञान तक सीमित नहीं रखतीं बल्कि उन्हें व्यावहारिक रूप से भाषा सीखने का अवसर प्रदान करती है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन नए शब्द सीखने के लिए भी प्रेरित किया। विद्यालय परिवार ने कहा कि ऐसी रचनात्मक गतिविधियां विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाने के साथ साथ सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक बनाती है। कार्यक्रम के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की प्रशंसा की गई तथा सभी बच्चों को भविष्य में भी इसी उत्साह के साथ शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## एसआईआर कार्यक्रम के तहत 31 जुलाई को होगा मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

अंबाला। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2026) कार्यक्रम के तहत जिले की मतदाता सूची का प्रारंभिक (ड्राफ्ट) प्रकाशन 31 जुलाई 2026 को किया जाएगा। ड्राफ्ट मतदाता सूची जिला प्रशासन की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध रहेगी, ताकि नागरिक आसानी से उसका अवलोकन कर सकें। उन्होंने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के अनुसार यदि किसी मतदाता को मतदाता सूची में अपना नाम, पता अथवा अन्य विवरण से संबंधित कोई दावा या आपत्ति दर्ज करानी है, तो वह 31 जुलाई से 30 अगस्त 2026 तक संबंधित निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटान 31 जुलाई से 28 सितंबर 2026 तक संबंधित ईआरओ एवं सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया जाएगा। इसके उपरांत 3 अक्तूबर 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### सभी जिलों से मांगी परीक्षा केंद्रों की विस्तृत रिपोर्ट, लाखों अभ्यर्थियों की उम्मीदें बढ़ीं

# अगस्त से दिसंबर के बीच हो सकती है सीईटी ग्रुप सी व डी परीक्षाएं

**एचएसएससी ने तेज की भर्ती प्रक्रिया, जल्द घोषित होगा परीक्षा कार्यक्रम, संस्थानों से मांगी रिपोर्ट**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला



ए आई जेनरेटेड

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने प्रदेश में होने वाली कॉमन एलिजिबिलिटी टेस्ट ग्रुप सी (द्वितीय चरण) एवं ग्रुप डी की परीक्षाओं की तैयारियां तेज कर दी है। आयोग ने सभी जिलों के उपायुक्तों को पत्र जारी कर अगस्त से दिसंबर 2026 के बीच संभावित परीक्षाओं के लिए परीक्षा केंद्रों की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए है। आयोग के इस कदम से प्रदेश के लाखों युवाओं में भर्ती प्रक्रिया को लेकर नई उम्मीद जगी है और माना जा रहा है कि परीक्षा कार्यक्रम जल्द घोषित किया जा सकता है। आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक जिले से सरकारी एवं निजी स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कॉलेजों और पॉलिटेक्निक संस्थानों की सूची मांगी गई है। साथ ही प्रत्येक परीक्षा केंद्र की बैठने की क्षमता, उपलब्ध कमरों, फर्नीचर, बिजली, पेयजल, शौचालय, सुरक्षा व्यवस्था तथा इंटरनेट जैसी आवश्यक सुविधाओं का पूरा विवरण भी भेजने को कहा गया है ताकि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

### हर जिले का होगा नोडल अधिकारी

एचएसएससी ने जिला प्रशासन को प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश भी दिए है। यह अधिकारी आयोग और जिला प्रशासन के बीच समन्वय स्थापित करेगा। आयोग ने यह भी पूछा है कि अगस्त से दिसंबर के दौरान किसी अन्य बोर्ड, विश्वविद्यालय या प्रतियोगी परीक्षा के कारण परीक्षा केंद्रों पर कोई टकराव तो नहीं होगा। यदि ऐसी स्थिति है तो उसकी जानकारी भी समय रहते उपलब्ध कराई जाए।

### निकटतम क्षेत्रों में बनेंगे परीक्षा केंद्र

आयोग का उद्देश्य परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और व्यवस्थित बनाना है। इसी कारण इस बार परीक्षा केंद्रों के चयन में विशेष सावधानी बरती जा रही है। आयोग चाहता है कि अभ्यर्थियों को उनके जिले या निकटतम क्षेत्र में परीक्षा केंद्र उपलब्ध हो। जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। प्रदेश में सीईटी ग्रुप सी (द्वितीय चरण) और ग्रुप डी की परीक्षाओं का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा है। लाखों अभ्यर्थी पिछले कई महीनों से भर्ती प्रक्रिया शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे है। आयोग की ओर से जिलों से परीक्षा केंद्रों का विवरण मांगे जाने के बाद अब यह माना जा रहा है कि परीक्षा तिथियों की घोषणा भी जल्द हो सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि आयोग की यह तैयारी संकेत देती है कि सरकार भर्ती प्रक्रिया को गति देना चाहती है। ऐसे में अभ्यर्थियों को सलाह दी जा रही है कि वे अपनी तैयारी अंतिम चरण में रखें तथा एचएसएससी की आधिकारिक सूचनाओं पर लगातार नजर बनाए रखें। परीक्षा तिथि, एडमिट कार्ड और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी आयोग द्वारा जल्द जारी किए जाने की संभावना है। प्रदेश के लाखों युवाओं की निगाहें अब विभाग के अगले बड़े ऐलान पर टिकी हुई है।